# प्रश्नो में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक **31.07.2006** की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक **3** में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या **8** (कमांक **464**) में, मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूं :-

**प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित उत्तर के भाग (क) की चतुर्थ पंक्ति में अंकित मदवार विवरण संलग्न "परिशिष्ट में दर्शित है ।**

के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावें:-

मदवार विवरण संलग्न परिशिष्ट – "अ" में दर्शित है ।

(अजय चंद्राकर)
मंत्री
पंचायत एवं ग्रामीण विकास

# प्रश्नों में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक 31.7.2006 की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ कमांक 04 में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या 12 (कमांक 140) में, मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूं :–

**प्रश्नोत्तर सूची में भाग (ग) में मुद्रित उत्तर के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावे :–**

(ग) कलेक्टर सरगुजा के पत्र दिनांक 13.3.2006 तथा कलेक्टर, कोरबा के पृष्ठांकन दिनांक 17.4.2006 में उल्लिखित लीज डीड की शर्तों के उल्लंघन तथा खनिज रियायत नियम, 1960 के नियम 27 के प्रावधान के उल्लंघन के संबंध में अध्यक्ष, भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड, कोरबा को शासन द्वारा दिनांक 16.6.2006 को नोटिस जारी कर 60 दिवस के अन्दर उनका स्पष्टीकरण चाहा गया था । बालको से कारण बताओ नोटिस का उत्तर विभाग में दिनांक 24.7.2006 को प्राप्त हुआ है, जिसका परीक्षण किया जा रहा है । परीक्षण उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

(डॉ. रमन सिंह)
मुख्यमंत्री

# प्रश्नों में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

*माननीय अध्यक्ष महोदय,*

आज दिनांक 31.07.2006 की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक – 5–6 में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या 15 (प्रश्न क्रमांक– **782**) के उत्तर के भाग ''क'' में, मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूँ :–

प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित उत्तर के भाग ''क'' के सरल क्रमांक– 5–6 के स्तम्भ 3 में **403, 359** के स्थान पर निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावें :–

उत्तर के भाग ''क'' के सरल क्रमांक– 5–6 के स्तम्भ 3 में **400, 400** तथा योग में **2550** पढ़ा जावे ।

(डॉ० कृष्णमूर्ति बांधी)
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
छत्तीसगढ़

# प्रश्नो में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक **31.07.2006** की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक **8** में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या **25** (कमांक **737**) में, मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूं :–

**प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित उत्तर के भाग (क) जानकारी संलग्न ''परिशिष्ट में दर्शित है ।**

के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावें:–

**जानकारी संलग्न परिशिष्ट – ''अ'' में दर्शित है ।**

(अजय चंद्राकर)
मंत्री
पंचायत एवं ग्रामीण विकास